तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025



11 गांवों में बह रहे पानी का सुरक्षित प्रबंध है सोखता...





12 कांग्रेस ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि







छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि

25/04/2025

(संध्या 5 बजे तक)

बी.एम. कॉलेज

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829


# पलारी के पर्यटकों ने आंखों देखा पहलगाम में आतंकियों का कहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के पलारी जनपद के सात पर्यटक बाल–बाल बच गए। यह पर्यटक दल घटना स्थल से महज 500 मीटर की दूरी पर था, अचानक आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू की। इस भयावह क्षण की जानकारी दल में शामिल खपरी ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि पदुम साहू ने दी। पर्यटक दल में मनोज आडिल जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, उपसरपंच संतोष साहू, कृतराम साहू, गोपी आडिल, होरीलाल कुर्रे, खेलावन साहू और पदुम साहू शामिल थे। पदुम साहू ने बताया हमने अपनी आंखों से देखा कि कैसे आतंकवादी नाम और धर्म पूछकर लोगों को निशाना बना रहे थे। बस कुछ ही क्षणों की दूरी थी, हमारी और उस मौत के साए की। मनोज आडिल ने कहा कि जैसे ही गोलियों की आवाजें और चीख–पुकार गूंजी, उन्होंने बिना समय गंवाए तत्काल जगह बदलने का फैसला लिया। साहस और सूझबूझ से उन्होंने पूरे दल को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। यह हमारी हिम्मत और प्रभु की कृपा थी कि हम सही समय पर निर्णय ले सके। इस घटना के बाद श्रीनगर से जम्मू तक हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है और सेना ने सुरक्षा व्यवस्था और सघन कर दिया है। हर वाहन की गहन तलाशी ली जा रही है।

## 500 मीटर की दूरी पर था मौत का साया



### सकुशल लौटे क्षेत्रवासी

वर्तमान में पर्यटक दल अभी भी श्रीनगर से छत्तीसगढ़ लौटने की राह में है और निजी वाहन से यात्रा कर रहा है। उनके सकुशल लौटने की जानकारी मिलते ही पलारी क्षेत्र में थोड़ी राहत की सांस ली। परिजन और स्थानीय लोग लगातार संपर्क में बने हुए हैं। उप सरपंच संतोष साहू ने कहा यह जीवन भर हमारे दिल और दिमाग में रहेगा। ऊपर वाले ने हमें एक और जीवन दिया है। हम इसकी अहमियत कभी नहीं भूल सकते।

## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** तेंदूकोना पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी नाथूराम साहू पिता अग्राहिज साहू (62 वर्ष) ग्राम घोघरा के कब्जे से 34 नग देशी प्लेन (रोमियो) शराब कुल मात्रा 6120 एमएल कीमत करीबन 2720 रुपए एवं बाइक को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### जुआ फड़ में छापा, 5 लोगों से साढ़े 22 हजार रुपए, पांच बाइक जब्त

**महासमुंद।** ग्राम नयापारा भलेसर के आम बगीचे में चल रहे जुआ फड़ में कोतवाली पुलिस ने छापा मारकर 5 लोगों के पास से साढ़े 22 हजार रुपए, मोबाइल और पांच बाइक जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। कोतवाली पुलिस को 23 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग ग्राम नयापारा भलेसर आम का बगीचा में जुआ खेल रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घेराबंदी की और जुआ खेल रहे तामेश्वर सिन्हा भलेसर, गोविंद कुमार सिन्हा भलेसर, मोहन पटेल भलेसर, मानिकराम नायक पतोरा (फिंगेश्वर) एवं ओंकेश्वर चंद्राकर खैरा को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से नगद रकम 22,500 रुपए, चार नग मोबाईल कीमत 16000 रुपए, पांच मोटर सायकल कुल कीमत 1,12,000 रुपए सहित कुल 1,51,000 रुपये को जब्त किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 3 (2) छग जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### आधी रात मारपीट, तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**महासमुंद।** शादी कार्यक्रम से लौट रहे युवकों के साथ आधी रात तीन लोगों ने मारपीट कर दी। मामला बिरहाडीपा से पिलवापाली जाने के मार्ग का है। पिथौरा थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी गणेश यादव निवासी मेमरा ने बताया कि 23 अप्रैल को वह अपने फूफा हीरालाल यादव के गांव कौडियापारा पिलवापाली गया था। जहां सरपंच के घर शादी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह कौडियापारा पिलवापाली के दोस्त योगेश बरिहा, त्रिलोक बरिहा, बिहारी बरिहा, उत्तम बरिहा एवं उत्तर बरिहा के साथ सभी शादी कार्यक्रम देख वापस लौट रहा था। इसी दौरान बिरहाडीपा से पिलवापाली जाने का रास्ते में महुआ पेड़ के पास रात करीब 2 बजे पहुंचने पर वहां आरोपी रितिक ठाकुर, सोमदेव ठाकुर, आशीष चौहान ने उसके दोस्त योगेश बरिहा को रोक कर गाली गलौज करने लगे।

### सामुदायिक भवन के लिए भूमिपूजन 30 को

**धमतरी।** ग्राम मुजगहन में 30 अप्रैल बुधवार को भगवान परशुराम का प्राकट्य महोत्सव मनाया जायेगा। समिति के अध्यक्ष कमलनारायण तिवारी ने बताया कि भगवान की पूजा अर्चना दोपहर 12 बजे एवं भोजन प्रसादी दोपहर 1 बजे होगा। ब्राम्हण समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन शाम 4 बजे समिति के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में ओमप्रकाश तिवारी, राजकुमार, हरिनारायण, द्वारिका प्रसाद समेत अन्य जुटे हैं।

## आयोजन : सीएम साय ने किया अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का वर्चुअल शुभारंभ

# अटल केंद्र से गांवों में डिजिटल क्रांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को मोर गांव, मोर पानी महाभियान का शुभारम्भ राजधानी रायपुर से किया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिले ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से ऑनलाइन जुड़े। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस की शुभकामनाएं दी और विभिन्न जिले के पंचायत प्रतिनिधि एवं हितग्राहियों से ऑनलाइन संवाद किया।

### हितग्राहियों को सौंपी गई चाबी

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास पूर्ण करने वाले हितग्राही सातो बाई एवं जानकी बाई को खुशियों की चाबी सौंपा गया। कलेक्टर ने भूमिहीन हितग्राहियों को पीएम आवास का लाभ दिलाने के लिए गांव के आबादी जमीन का चिन्हांकन कर कार्यवाही के निर्देश तहसीलदार को दिये। अर्जुनी में ग्राम पंचायत भवन व सीएलएफ भवन की स्वीकृति एवं लालबंधा तालाब से जल कुम्भी की सफाई के लिए प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने जल संचयन वाहिनी को जल संचयन महाभियान में बेहतर कार्य करने कहा। ग्राम पंचायत अर्जुनी सहित जिले के सभी ग्राम पंचायतों एवं जनपद पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाया गया।

### पीएम आवास के हितग्राहियों को सौंपी गई खुशियों की चाबी



### जल संचयन की दिलाई शपथ

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने जल संचयन की शपथ दिलाई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्बोधन के जीवंत प्रसारण को ऑनलाइन देखा गया। राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत अर्जुनी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ कलेक्टर दीपक सोनी, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सरपंच कविता ध्रुव सहित पंचगणों ने भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत अर्जुनी में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का उद्घाटन और हितग्राही टिकेश्वरी साहू के बैंक खाते से राशि आहरण कर नगद भुगतान का शुभारम्भ किया।

### अब पंचायतों में मिलेगी बैंकिंग सुविधाएं

अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू होने से अब ग्राम पंचायत में ही बैंकिंग की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य नागरिक सुविधाएं भी प्राप्त होगी। प्रथम चरण में प्रत्येक विकासखंड के 10–10 पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू होंगे। कलेक्टर ने अटल डिजिटल केंद्र का बेहतर संचालन तथा लोगों के विश्वास पर खरा उतरने के निर्देश सीएससी संचालक को दिये। इसके साथ ही केंद्र का बेहतर साज–सज्जा व रख–रखाव के भी निर्देश दिये।

### रवान में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का शुभारंभ

**रवान।** ग्राम पंचायत रवान में अटल डिजिटल सेवा केंद्रों की शुरुआत की गई। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर की है। इस योजना के तहत गांवों में ही डिजिटल सेवाएं, नकद लेन–देन और अन्य सुविधाएं एक ही केंद्र पर मिलेगी। छत्तीसगढ़ सरकार अब राज्य की जनता को गांव में ही जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने जा रही है। अब लोगों को नकद लेन–देन, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं के लिए खाते से नकद निकासी और जमा बिजली–पानी के बिल का भुगतान पेंशन और बीमा से जुड़ी सुविधाएं धान विक्रय का भुगतान महतारी वंदन योजना, रामलला दर्शन योजना जैसी योजनाओं को ग्रामीण को लाभ मिलेगा। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा–अर्चना की गई। ▶▶ शेष पेज 13 पर



# यूपी के ईंट भट्ठा में बंधक मजदूरों को छुड़ा लायी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में थाना सुहेला एवं जिला गोण्डा पुलिस के प्रयासों से बंधकों को मुक्त कराकर उनके गृहग्राम सकुशल वापस भेजा गया। मजदूरों ने पुलिस अधीक्षक से भेंट कर इस पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। आवेदक मंटोरिया भाई ध्रुव निवासी ग्राम मल्दी द्वारा सूचना प्रदान दी गई कि उसके परिवार के सदस्यों को ग्राम गंगरौली जिला गोण्डा उत्तर प्रदेश में ईंट भट्ठा में काम करने के लिए बंधक बना लिया गया है। साथ ही उनके मोबाइल आदि को भी छीनकर रख लिया गया है एवं उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। सूचना पर नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में थाना सुहेला पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला गोण्डा उत्तर प्रदेश की पुलिस टीम से संपर्क किया गया एवं आपसी समन्वय स्थापित कर बंधक मजदूरों को उक्त ईंट भट्ठा से सकुशल मुक्त कराया गया। तत्पश्चात उक्त सभी मजदूर सकुशल वापस अपने गृहग्राम लौटे। 24 अप्रैल को पुलिस द्वारा बंधक मजदूरों को सकुशल मुक्त कराने हेतु किए गए प्रयासों के लिए संबंधित परिवार द्वारा अत्यंत प्रसन्न मुद्रा में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता से भेंट कर धन्यवाद ज ज्ञापित किया।

- मजदूरों का मोबाइल भी छीनकर रख लिया था भट्ठा संचालक ने, कर रहा था परेशान

# चिटफंड कंपनी का फरार आरोपी जशपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



चिटफंड कंपनी विनायक होम्स एंड रियल स्टेट प्रा. लिमिटेड के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने लोगों को राशि दुगुनी करने का लालच देकर रकम वसूली और नहीं लौटायी। जिसकी रिपोर्ट पीड़त ने थाने में दर्ज करायी थी।

प्रार्थी मनमोहन लाल वर्मा निवासी ग्राम बरडीह व अन्य निवेशकों ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि चिटफंड कंपनी विनायक होम्स एंड रियल स्टेट प्रा.लिमि. द्वारा प्रार्थी एवं निवेशकों के रूपये को निर्धारित अवधि में दुगूना करने का लालच देकर जमा कराया और समयावधि पूर्ण होने के बाद उक्त रकम को वापस नहीं किये। रिपोर्ट पर उक्त चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर्स व प्रबंधकों के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 420, 34 भादवि. छ.ग. ▶▶ शेष पेज 11 पर

# स्काउट गाइड ने शुरू किया प्याऊ घर



**हथबंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद के भारत स्काउट गाइड परिवार द्वारा बाजार चौक में प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त ईनुराम वर्मा, वरिष्ठ स्काउटर मुबारक हुसैन, ग्राम के पूर्व उप सरपंच संतोष दीवान, जामा मस्जिद हथबंद के मौलाना शकील अहमद, संस्था के प्रभारी प्राचार्य चंद्र कुमार नायक, स्काउट प्रभारी रुपेश पसीने, गाइड केप्टीन सावित्री वर्मा, स्टाफ के दीनबंधु तिवारी, नेतराम वर्मा, योगेश ▶▶ शेष पेज 11 पर

# बुजुर्ग का शव संदिग्ध हालत में पुल के नीचे मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

स्थानीय थाना के अंतर्गत गिरसानाला के पुल के नीचे एक बुजुर्ग व्यक्ति की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आसपास के ग्रामीणों ने नल के नीचे एक व्यक्ति की लाश को देखा और भटगांव पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद भटगांव पुलिस मौके पर पहुंची, तब पता चला कि मृतक रामभांठा निवासी सरवन उर्फ सखन पुरेना है, जो एक दिन पहले लापता हुआ था। ▶▶ शेष पेज 11 पर



### परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका

घटना की जानकारी होने के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी इसकी सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने लाश देखकर हत्या की आशंका जतायी हैं। इसके बाद मौके पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया और उनकी भी मदद ली गई। फॉरेंसिक टीम ने जांच कर रिपोर्ट जल्द ही सौंपने की बात कही, लेकिन जब तक पोस्टमार्टम और फोरेंसिक टीम की रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक मौत के कारण का खुलासा नहीं हो पाएगा।

### नवधा रामायण कार्यक्रम में गाना गाने गया था सरवन

भटगांव थाना प्रभारी भगवती कुर्रे ने बताया कि मृतक रामभांठा का निवासी है। वह भटगांव क्षेत्र के बरभाठा गांव में सोमवार को नवधा रामायण कार्यक्रम में गाना गाने गया हुआ था। मंगलवार को घर नहीं लौटा तब घरवालों ने आसपास तलाश की और भटगांव थाने को इसकी सूचना दी, जिसके बाद भटगांव पुलिस ने गुमशुदगी कायम किया और उक्त व्यक्ति की पता तलाश में जुट गई। एक दिन बाद सरवन की लाश गिरसा पुल के नीचे मिली। वहीं पास में ही उसकी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हालत में थी।

## नपा अध्यक्ष एवं पार्षदों सहित 78 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

# स्लम क्षेत्र में पहुंचा मोबाइल मेडिकल यूनिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगरीय निकाय क्षेत्र के गरीब बस्ती में निवासरत लोगों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ दिलाए जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट का कैंप लोहिया नगर में लगाया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव व कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के प्रयास व सहयोग से नगर में तैयार रूट चार्ट अनुसार मोबाइल बस के माध्यम से मेडिकल यूनिट द्वारा लोगों का मुफ्त में ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट, ब्लड प्रेशर व अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धी परीक्षण किए जाने के साथ ही निःशुल्क दवाई वितरित की जाती है। लोहिया नगर में लगाए गए कैंप का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा किया गया व आस–पास के लोगों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित श्रम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मुफ्त दवाई एवं इलाज के लिए अधिक से अधिक लाभ उठाने प्रेरित किया गया। इस दौरान स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, पार्षद मनोज कांत पुरेना, शशि भूषण शुक्ला ने अपना अपना सामान्य परीक्षण करा कर योजना का लाभ उठाते हुए मेडिकल यूनिट के कार्य पर संतुष्टि व्यक्त की गई।

मोबाइल यूनिट के निरीक्षण के दौरान नगरपालिका के उप अभियंता विनोद यादव, जिला समन्वयक अरुण बंजारे, डॉ. मेघ दीप दत्ता, स्टाफ नर्स योगीता, फार्मासिस्ट लोचन, लैब टेक्नीशियन सुमन यादव व चालक कुशल दास उपस्थित थे। मोबाइल यूनिट के निरीक्षण के दौरान आसपास के मरीजों एवं मोहल्लेवासियों ने छत्तीसगढ़ शासन की योजना के सफल क्रियान्वयन व मुफ्त दवाई व इलाज कराकर मोबाइल यूनिट की प्रशंसा करते हुए इस योजना के प्रति शासन का आभार व्यक्त किया।



### 78 हिग्राहियों ने पंजीयन कराया

मुख्यमंत्री श्रम स्वास्थ्य योजना के संचालन वर्ष से आज तक कुल 262331 मरीज का परीक्षण किया गया वह लैब टेस्ट में 80 431 हितग्राहियों ने लाभ अर्जित किया। 3759 कैंप लगाए गए। 22 अप्रैल को नगर में 78 हिग्राहियों ने पंजीयन कराया, जिसमें 30 पुरुष, 40 महिलाएं व 8 बच्चे शामिल थे। इसमें 54 लोगों ने लैब टेस्ट कराया व आवश्यकता अनुसार सभी को दवाइयां वितरित की गई।

# झिरिया ग्राम में 181 लोगों को पट्टा वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

पंचायती राज दिवस पर सिमगा तहसील के ग्राम झिरीया में गुरूवार को शासन के स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्राम के 181 हितग्राहियों को तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा, जनपद सदस्य हेमिन चंद्रशेखर साहू सरपंच प्रतिमा साहू भाजपा नेता रोहित साहू, पटवारी वर्षा मिरचंदे द्वारा पट्टा वितरण किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच महेंद्र साहू, भागवत साहू, प्रभू ध्रुव, संतोषी साहू, शेष नारायण साहू, रामदयाल ध्रुव, छेदु ध्रुव, अमरनाथ साहू, अमृत ध्रुव, गंगाराम ध्रुव सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### मल्टिस्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना में दिखाई रुचि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बुधवार को मुंबई में शाल्वी हॉस्पिटल्स के निदेशक शनाए विक्रम शाह ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने नवा रायपुर में एक अत्याधुनिक मल्टिस्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना को लेकर रुचि जताई। शाल्वी हॉस्पिटल्स की शुरुआत एक 6 बिस्तरों वाले अस्पताल से हुई थी, जो आज 8 राज्यों के 13 शहरों में फैले 16 अस्पतालों के एक विश्वसनीय हेल्थकेयर नेटवर्क में तब्दील हो चुका है। उन्होंने बताया कि उनका समूह छत्तीसगढ़ को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे निवेश और अधोसंरचना विकास की जानकारी साझा की और शाल्वी ग्रुप की पहल का स्वागत किया।

### सभापति ने भामाशाह वार्ड का किया भ्रमण

**रायपुर।** सभापति सूर्यकान्त राठौर ने बुधवार को दानवीर भामाशाह वार्ड के खालबाड़ा, कुंदरापारा सहित अन्य इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जोन 2 के अधिकारियों को जलभराव की समस्या दूर करने चेंबरों की की सफाई कर नाले को डायवर्ट करने निर्देश दिये। , इसके साथ ही गुढ़ियारी क्षेत्र की शशिबाला कन्या शाला में विकास कार्यों की प्रगति का उन्होंने जायजा लिया। वार्ड भ्रमण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि रुस्तम कुर्रे, जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर.के. डोंगरे, कार्यपालन अभियंता पी.डी. धृतलहरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया उपस्थित रहे।

### शहीद अरुण केशव सप्रे को किया नमन

**रायपुर।** भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर टेस्टिंग पायलट और रायपुर निवासी शहीद अरुण केशव सप्रे को उनकी जयन्ती अवसर याद किया गया। नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से इस मौके पर गांधी सदन में पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महापौर मीनल चौबे ने राजधानीवासियों की ओर से नमन करते हुए आदरांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में निगम सभापति सूर्यकान्त राठौर, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, शहीद अरुण केशव सप्रे की धर्मपत्नी मीना ताई सप्रे, सुपुत्र मुनेश सप्रे, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंता डी. के. पैकरा, अंशुल शर्मा जूनियर, उप अभियंता अर्जिता दीवान, कर्मचारी श्रीमती श्वेता शिंदे सहित नगर के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन सोशल एक्टीविटी ग्रुप का पुनर्गठन

**रायपुर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन



छग के 60 सदस्यीय सोशल एक्टीविटी ग्रुप के पुर्नगठन पश्चात इस श्रृंखला की प्रथम बैठक अरविन्द ओझा प्रदेश अध्यक्ष व नमिता शर्मा महिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में होटल एमराल्ड, चंगोराभाठा, रायपुर में संपन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया कि संगठन में गतिशीलता और आपसी मेल मिलाप हेतु सोशल एक्टीविटी ग्रुप का गठन किया गया है। आशा है इसके पुनर्गठन से संगठन में सक्रियता आयेगी, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने सभी सदस्यों को एकजुट होकर संगठन के आगामी कार्यक्रम भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर 1100 दीपों से महाआरती में सहभागिता की अपील की एवं सर्व सम्मति से नितिन कुमार झा को भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का संयोजक चुना गया। इस अवसर पर ग्रुप के सक्रिय सम्मानित सदस्य, कान्यकुब्ज सभा शक्षिा मंडल के निर्वाचित अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, सचिव राजकुमार दीक्षित एवं उपाध्यक्ष संजय अवस्थी का शाल व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

# गर्मी के टार्चर से बीमार होने लगे लोग, स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में 'लू' के केवल दस मामले

## जांजगीर और बलौदाबाजार से संबंधित मामले, रायपुर-बिलासपुर में आंकड़े शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

पिछले तीन-चार दिनों से प्रदेश भारी गर्मी की चपेट में आ गया है। गर्मी के प्रभाव से लोग बीमार होने लगे हैं, मगर स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में अप्रैल में लू के मरीजों की संख्या केवल दस है। संबंधित केस जांजगीर और बलौदाबाजार से संबंधित है, शेष जिलों में हीट-स्ट्रोक का प्रकरण शून्य है। अस्पतालों में गर्मी की वजह से डिहाईड्रेशन, कमजोरी, बुखार की शिकायत लेकर लोग पहुंच रहे हैं, मगर विभाग उन्हें लू का मामला नहीं मान रहा है।

रायपुर के साथ दुर्ग और बिलासपुर संभाग में पिछले चार दिनों से पड़ रही भारी गर्मी की वजह से लोग हलाकान हो गये हैं। भारी गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर होने लगा है और सीधे धूप के प्रभाव में होने की वजह से लोग बीमार भी पड़ रहे हैं। आंबेडकर अस्पताल के मेडिसिन विभाग के चिकित्सक डा. योगेन्द्र मल्होत्रा के मुताबिक गर्मी की वजह लोग डिहाईड्रेड होने लगे हैं। इसके साथ ही कई को बुखार और कमजोरी होने के साथ पेट खराब होने की शिकायत भी हो रही है। लक्षण के आधार पर उनका इलाज किया जा रहा है, मगर किसी को भर्ती होने की आवश्यकता नहीं हुई है। तेज धूप की वजह से दोपहर 12 से शाम 4 बजे के बीच गर्म हवा के संपर्क में आने से लोग बीमार हो रहे हैं, मगर स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार हीट-स्ट्रोक के मामले अभी अस्पतालों तक नहीं पहुंचे हैं। जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य के पास अप्रैल के महीने में लू के केवल 10 मामले दर्ज हुए हैं, जो बलौदाबाजार और जांजगीर जिले से संबंधित हैं। तर्क दिया जा रहा है कि लू लगने के चांस खुले क्षेत्रों में अधिक होते हैं। पेड़-पौधे, भवन सहित अन्य अवरोधों की वजह से जहां धूप का सीधा असर नहीं होता, वहां हीट-स्ट्रोक के मामले कम ही सामने आते हैं।

### लू वार्ड पर लाखों खर्च

अप्रैल बीतने में सप्ताहभर शेष है, मगर रायपुर समेत उन जिलों में लू के एक भी मामले सामने नहीं आए हैं, जहां भारी गर्मी पड़ रही है। इन जिलों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू वार्ड के नाम पर लाखों रुपये जरूर खर्च कर लिया गया है। पहली बार जिला अस्पतालों में बनाये गए लू वार्ड में बॉथ टब के साथ बर्फ जमाने की मशीन रखी गई है, जिस पर लाखों रुपये खर्च किया गया है। अफसरों का तर्क है कि गर्मी के लिए अभी मई और जून का महीना बाकी है। इस दौरान केस बढ़ने की संभावना है।



### मई-जून में ज्यादा मामले

अप्रैल में लू के केवल दस मामले सामने आये हैं। गर्मी कुछ दिनों से अपना असर दिखा रही है। हीट-स्ट्रोक की आशंका मई और जून के महीने में अधिक होती है। उस दौरान मामले सामने आने की संभावना है।

*- डा. स्मृति देवांगन, राज्य नोडल अफसर जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य*

### विभागीय अलर्ट मार्च में ही जारी

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मार्च के महीने में ही लू को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। आम लोगों को इससे बचाव के तरीके बताने के साथ अस्पताल स्तर पर भी तैयारी रखने के निर्देश दिए गए थे। प्राथमिक से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक आने वाले मरीजों के लिए ओआरएस कार्नर बनाने के साथ फ्लूड और अन्य दवा रखने के निर्देश दिये गए थे। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अब तक रायपुर जिले में लू का एक भी मामले सामने नहीं आया है। आंकड़ा शून्य होने पर विभागीय अपडेट नहीं होने की संभावना से भी इन्कार नहीं किया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण

# 8 साल में किसी की पहली-दूसरी, तो किसी की तीसरी-चौथी किस्त अटकी, 784 आवास अपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना ऐसे परिवारों के लिए लाई गई है, जिसके पास पक्का मकान नहीं है। ऐसे परिवार पक्के मकान बना सकें, इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की जाती है। यह राशि सबसे पहले तीन किस्त में दी जाती थी, जिसे बाद में चार किस्त किया गया था। अब इसे दोबारा तीन किस्त किया गया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026 से लेकर 2023 के दौरान जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के तहत 29480 आवास बनाने के लिए स्वीकृति दी गई थी, जिसके एवज में 28696 पूर्ण एवं 784 अपूर्ण हैं। इस तरह पूर्ण और अपूर्ण आवासों में ऐसे सैकड़ों-हजारों हितग्राही हैं जिसमें किसी की पहली किस्त, तो किसी की दूसरी, तीसरी एवं चौथी किस्त जारी नहीं हो पाई है। विभागीय सूत्रों की मानें, तो जिन्हें किस्त जारी नहीं हुई है, उनमें बड़ी संख्या में ऐसे हितग्राही हैं, जो स्वीकृति के बाद आवास बनाना शुरू नहीं कर पाए या फिर पहली, दूसरी व तीसरी किस्त की राशि मिलने के बाद उसका इस्तेमाल आवास निर्माण में नहीं कर और कहीं और खर्च कर दिए हैं।




### अंतर्गत जिले में 2016 से 2023 तक 29480 आवास स्वीकृत, इनमें 28696 पूर्ण

#### स्वीकृत आवासों में चौथी किस्त एक भी जारी नहीं

हरिभूमि सरोकार

पिछले वर्ष स्वीकृत आवासों में पहली किस्त के रूप में 32033 आवास, दूसरी किस्त 22414 आवास, तीसरी किस्त 7775 आवास के लिए जारी किया गया है, वहीं चौथी किस्त एक भी आवास के लिए जारी नहीं की गई है।

#### एक नजर में समझें

| 2016-2023 | स्वीकृति | पहली | दूसरी | तीसरी | चौथी |
|---|---|---|---|---|---|
| अभनपुर | 7480 | 7468 | 7362 | 7280 | 5560 |
| आरंग | 11005 | 10988 | 10928 | 10856 | 4569 |
| धरसींवा | 7391 | 7378 | 7295 | 7234 | 3655 |
| रायपुर ग्रामीण | 708 | 707 | 689 | 673 | 332 |
| बलौदाबाजार | 2896 | 2891 | 2867 | 2858 | 1603 |
| 2024-25 | स्वीकृति | पहली | दूसरी | तीसरी | चौथी |
| | 9436 | 9115 | 6529 | 2805 | 0 |
| | 12675 | 12136 | 8204 | 2283 | 0 |
| | 8336 | 7531 | 5330 | 2104 | 0 |
| | 761 | 670 | 329 | 49 | 0 |
| | 2875 | 2581 | 2022 | 534 | 0 |

### आरंग क्षेत्र में सबसे ज्यादा आवास पूर्ण, सबसे कम रायपुर ग्रामीण में

आकड़ों के अनुसार इस योजना के तहत वर्ष 2016 से लेकर 2023 अवधि के दौरान रायपुर ग्रामीण, अभनपुर, आरंग, धरसींवा एवं बलौदाबाजार के लिए कुल 29480 आवास के लिए राशि की स्वीकृति दी गई थी। इसमें सबसे ज्यादा स्वीकृति आरंग क्षेत्र के लिए 11005 आवास के लिए स्वीकृति दी गई थी। इसके एवज में इस ब्लॉक में 10804 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इस तरह 98.17 प्रतिशत आवास पूर्ण हो चुके हैं। इसी प्रकार अभनपुर क्षेत्र में कुल 7480 आवास के लिए स्वीकृति दी गई थी, जिसके एवज में 7214 पूर्ण हो चुके हैं। इसका प्रतिशत 96.44 है। धरसींवा क्षेत्र में 7391 स्वीकृत आवास की तुलना में 7188 पूर्ण हुए हैं, जिसका प्रतिशत 97.25 है। बलौदाबाजार क्षेत्र में स्वीकृत 2896 आवास की तुलना में 2830 पूर्ण हो चुके हैं, जिसका प्रतिशत 97.72 है। सबसे कम आवास 708 रायपुर ग्रामीण क्षेत्र में स्वीकृत हुए थे। इसके एवज में 660 आवास पूर्ण हुए हैं, जिसका प्रतिशत 93.22 है।

### 14727 किस्त जारी नहीं, इसमें पहली से चौथी किस्त शामिल

योजना के तहत आवास के निर्माण की स्थिति को देखते हुए हितग्राहियों को किस्त जारी की जाती है। वर्ष 2016 से 2023 के दौरान 48 आवास के लिए पहली किस्त जारी नहीं किया गया। इसी प्रकार दूसरी किस्त में 339 आवास, तीसरी किस्त में 579 आवास तथा चौथी किस्त में 13761 आवास के लिए जारी नहीं किया गया।

### पिछले एक साल में स्वीकृत आवासों में 28 प्रतिशत ही पूर्ण

इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 में अभनपुर, आरंग, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण एवं बलौदाबाजार क्षेत्र के लिए कुल 34082 आवास के लिए राशि की स्वीकृति दी गई है। इसके एवज में अब तक मात्र 11227 आवास ही पूर्ण हुए हैं, वहीं 22856 आवास अभी अपूर्ण हैं। इस तरह 28 प्रतिशत आवास ही पूर्ण हुए हैं।

### किस्त लेने के बाद आवास नहीं बनाए उनसे वसूली की प्रकिया जारी

इस योजना के तहत 2016 से 2023 के दौरान 28696 आवास पूर्ण एवं 784 अपूर्ण हैं। अलग-अलग कारण से कई आवासों की किस्त जारी नहीं की गई हैं। इसमें कई हितग्राही किस्त की राशि लेने के बाद आवास का निर्माण कार्य नहीं कराये है। ऐसे हितग्राहियों से वसूली की प्रक्रिया जारी है।

- **कुमार बिश्वरंजन**, सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

# डेयरी रिफॉर्म से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया जीवन मिल रहा



उपमुख्यमंत्री और सहकारिता मंत्री ने गुजरात में लिया डेयरी विकास का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने एनडीडीबी के अधिकारियों से चर्चा में कहा, छत्तीसगढ़ सरकार, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डेयरी सेक्टर में व्यापक सुधारों के जरिये किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि डेयरी रिफॉर्म के माध्यम से न केवल किसानों की आय बढ़ रही है, बल्कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नया जीवन मिल रहा है।

उन्होंने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, गुजरात की तरह छत्तीसगढ़ भी दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के किसान दुग्ध उत्पादन और प्रसंस्करण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने अपने गुजरात प्रवास के दौरान आणंद स्थित राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के कार्यालय का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वहां पदस्थ अधिकारियों से मुलाकात कर दुग्ध उत्पादन में हो रहे नवाचारों और विकास कार्यों की गहन जानकारी ली।

### एनडीडीबी और छत्तीसगढ़ सहकारी दुग्ध महासंघ के बीच एमओयू

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित, उरला, दुर्ग एवं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, आणंद, गुजरात के साथ पिछले साल छत्तीसगढ़ राज्य में डेयरी उद्यमिता को प्रोत्साहन देने एवं दुग्ध संकलन तथा प्रसंस्करण में वृद्धि हेतु राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एमओयू हुआ है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, सहकारिता सुब्रत साहू, आयुक्त, सहकारिता व पंजीयक सहकारी संस्थाएं कुलदीप शर्मा और प्रबंध संचालक राष्ट्रीय डेयरी बोर्ड सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### पदोन्नति के चार माह बाद 6 खाद्य अधिकारियों को मिली नई पोस्टिंग

**रायपुर।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग अंतर्गत सहायक अधिकारी से खाद्य अधिकारी के पद पर पदोन्नत किए गए 6 अधिकारियों को चार महीने के बाद नई पोस्टिंग दी गई है। इनमें दो अधिकारियों को उसी जिले में पोस्टिंग दी गई है, जहां वे पहले ही सहायक अधिकारी के पद पर पदस्थ थे, वहीं 3 अधिकारियों को दूसरे जिलों में एवं एक को संचालनालय भेजा गया है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के उपसचिव भागवत जायसवाल ने इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी किया है। इसके अनुसार राज्य शासन ने 30 दिसंबर 2024 को 6 सहायक खाद्य अधिकारियों को खाद्य अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया था, जिनका नवीन पदस्थापना होना था। इन सभी अधिकारियों को अब नवीन पदस्थापना देते हुए अरविंद दुबे को रायपुर से गरियाबंद, शिव बहादुर कामठे को बलरामपुर रामानुजगंज से सरगुजा, शांति कुमारी को धमतरी से संचालनालय, रविशंकर कोमरा को जगदलपुर से सुकमा, तुलसीराम ठाकुर को बालोद एवं तारेंद्र सिंह अत्री को दुर्ग में पदस्थ किया है।

## भिलाई के बौद्ध भूमि में आज होगी कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्ग के भिलाई में होने वाली संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने के लिये दुर्ग संभाग के कांग्रेस नेताओं की बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 अप्रैल को शाम 6 बजे दुर्ग के कोसानाला बौद्ध भूमि में रैली का आयोजन किया जायेगा। यह रैली ऐतिहासिक होगी, जिसमें दुर्ग संभाग से बड़ी संख्या में आमजन को शामिल करने की योजना बनाई गई।

**संविधान बचाओ रैली के लिये दुर्ग संभाग के नेता एकजुट**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं एआईसीसी के महासचिव भूपेश बघेल के निवास पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुये श्री बघेल ने कहा, कांग्रेस ने पूरे देश में 40 दिनों तक संविधान बचाओ अभियान चलाने का निर्णय लिया है। प्रदेश में इसकी शुरुआत दुर्ग से हो रही है। दुर्ग संभाग के कांग्रेस जनो के लिये यह सौभाग्य का विषय है कि प्रदेश में इसकी शुरुआत यहां से हो रही है। संविधान बचाओ मुहिम चलाने की आज के समय में सबसे ज्यादा जरूरत है। संविधान बचाओ अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किये जा रहे लगातार हमलों, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के प्रणालीगत हनन का मुकाबला करना है। यह अभियान आम नागरिक की आवाज को बुलंद करेगा, जमीनी स्तर की चिंताओं को उजागर करेगा और हमारे संविधान में निहित मूल्यो पर फिर से जोर देगा। अभियान के माध्यम से हम संविधान की रक्षा करने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों को बनाये रखने और हम भारतीय के अधिकारों, सम्मान और भविष्य के लिये लड़ने के लिये एकजुट है। हम इस देश के गरीबों को लिये अपनी लड़ाई में अडिग रहेंगे, उनके अधिकारों की वकालत करेंगे और उनकी आवाज को बुलंद करेंगे।

## 24 घंटे जल आपूर्ति में 6 हजार यूजर नए कनेक्शन लेने नहीं दिखा रहे दिलचस्पी

**सदरबाजार, शास्त्रीबाजार, बैजनाथ पारा, फाफाडीह, स्टेशन रोड के 5 हजार आवेदक शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे पीने का शुद्ध पानी पहुंचाने की योजना में सर्वे के समय नाम दर्ज कराने वाले 6 हजार आवेदक नए कनेक्शन लेने दिलचस्पी नहीं दिखा रहे।

- सर्वे के समय दर्ज कराया था नाम

इनमें से 5 हजार आवेदक ऐसे हैं, जो सदरबाजार, गोलबाजार, मालवीय रोड, शास्त्रीबाजार, बैजनाथपारा, स्टेशन रोड, फाफाडीह सहित अन्य व्यावसायिक क्षेत्र से हैं, जबकि 1 हजार आवेदक आवासीय क्षेत्र से संबंधित हैं। अब अनुबंधित एजेंसी के कर्मचारी आवेदकों के नाम व पते ढूंढकर कनेक्शन कराने के फायदे बताने पहुंच रहे हैं। दरअसल, शहर में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा एबीडी एरिया के 15 चुनिंदा वार्डों में पीने का साफ पानी नलों से 24 घंटे उपलब्ध कराने की योजना अब तक धरातल पर साकार रूप नहीं ले पायी है। 130 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट के तहत 180 किलोमीटर की नई पाइप लाइन बिछाई गई।

गंज पानी टंकी और मोतीबाग पानी टंकी को कमांड एरिया मानकर चयनित 15 वार्डों में नई पाइप लाइन से जल आपूर्ति की टेस्टिंग पूरी होने के बाद भी लोगों को 24 घंटे पीने का साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। संबंधित वार्डों के रहवासी अपनी शिकायत महापौर से लेकर निगम आयुक्त तक कर चुके हैं। यही नहीं, जोन स्तर पेयजल के लिए बुलाई गयी समीक्षा बैठक में भी इस बात को लेकर वार्ड पार्षदों की नाराजगी खुलकर सामने आयी।

### 27 हजार नए कनेक्शन का टारगेट, पूरा कर पाये 21 हजार कनेक्शन

अनुबंधित एजेंसी को 15 वार्ड में 27 हजार उपभोक्ताओं के यहां 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए नए कनेक्शन देने टारगेट मिला। ठेका एजेंसी के कर्मचारी अब तक केवल 21 हजार उपभोक्ताओं के यहां नए नलकनेक्शन कर पाये। 6 हजार आवेदकों के यहां इंटर कनेक्शन का कार्य लंबित है। सूत्रों के मुताबिक इनमें से 5 हजार आवेदक ऐसे हैं जिनकी व्यवसायिक क्षेत्रों में दुकानें हैं। 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए कराये गये सर्वे सूची में इनका नाम दर्ज है पर इंटर कनेक्शन कराने ध्यान नहीं दे रहे।

## राज्य सरकार ने जारी की अधिसूचना, हो गई लागू

# किसी बच्चे की पहचान प्रमाणीकरण न होने पर भी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित नहीं कर सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं जैसे आयुष्मान भारत, डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से उन बच्चों को किसी हाल में वंचित नहीं किया जा सकता, जिनके पास उनकी पहचान का प्रमाणीकरण न हो, या बच्चे के पालक उसका आधार नंबर न दे सकें। बच्चों के अलावा व्यस्क लोगों के मामले में भी अगर बायोमैट्रिक्स में गड़बड़ी हो, तो उसके लिए भी उपाय है। सरकार की कोशिश ये है कि योजना के वास्तविक लाभार्थी वंचित न हों।

इस संबंध में राज्य सरकार के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने अधिसूचना जारी की है। यह प्रावधान 21




अप्रैल से लागू हो गया है। सरकार ने साफ किया है कि किसी बच्चे के उसकी पहचान प्रमाणीकरण को या आधार नंबर के प्रमाण को प्रस्तुत करने में असफल रहने की दशा में, योजनांर्गत लाभ को अस्वीकार नहीं करेगा या किसी बच्चे जिसको आधार संख्या नहीं दिये जाने की दशा में, नामांकन के लिये आवेदन प्रस्तुत करेगा। दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान को सत्यापित करते हुये उसे लाभ दिया जायेगा तथा जहाँ ऐसे अन्य दस्तावेजों के आधार पर लाभ प्रदान किया गया हो, वहां विभाग उसे अभिलेख पर लेने के लिए एक पृथक पंजी संधारित करेगा, जिसकी समय-समय पर समीक्षा और अंकेक्षण क्रियान्वयन एजेंसी के माध्यम से किया जायेगा।

### वयस्कों की बायोमेट्रिक्स खराब है तो ये करना है

बच्चों के मामले में पहचान या आधार न होने की स्थिति से अलग व्यस्कों के मामले में कई बार ये होता है कि आधार नंबर होने के बाद भी उनका बायोमेट्रिक्स खराब है। पहचान नहीं हो पा रही तो उसके लिए भी रास्ते सुझाए गए हैं। इसका मकसद भी यही है कि सरकार की योजनाओं से लाभार्थी वंचित न हों। सरकार ने कहा कि सभी मामलों में, जहाँ लाभार्थियों के खराब बायोमेट्रिक्स के कारण या किसी अन्य कारण से आधार प्रमाणीकरण विफल हो जाता है। ऐसे मामलों में यह तरीका अपनाया जाएगा।

### वन टाइम पासवर्ड भी होगा मंजूर

उंगलियों के निशान या आईरिस स्कैन या चेहरे के प्रमाणीकरण के माध्यम से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण सफल नहीं होने की स्थिति में, जहां भी संभव हो, आधार वन टाइम पासवर्ड या सीमित समय वैधता के साथ टाइम-आधारित वन टाइम पासवर्ड, जैसा भी मामला हो, के द्वारा प्रमाणीकरण स्वीकार्य होगा। अन्य सभी मामलों में, जहां बायोमेट्रिक या आधार वन टाइम पासवर्ड या टाइम-आधारित वन टाइम पासवर्ड प्रमाणीकरण संभव नहीं है, वहाँ योजना के तहत भौतिक आधार पत्र के आधार पर लाभ दिया जा सकता है, जिसका प्रमाणीकरण, आधार पत्र पर मुद्रित क्विक रिस्पोन्स कोड के माध्यम से सत्यापित किया जा सकता है। क्विक रिस्पोन्स कोड रीडर की आवश्यक व्यवस्था विभाग द्वारा अपनी क्रियान्वयन एजेंसी के माध्यम से सुविधाजनक स्थानों पर उपलब्ध करायी जायेगी।

## आतंकी हमले के शोक में भाजपा ने संगठनात्मक कार्यक्रम किया स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकी हमले में पर्यटकों की हृदय विदारक मृत्यु पर गहन शोक-संवेदना व्यक्त की है। भाजपा ने इस हमले के शोक में अपने सभी संगठनात्मक कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं।

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार को आहूत डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान सभा और विचार गोष्ठी के साथ ही आगामी 25 अप्रैल को वक्फ बोर्ड सुधार कानून जनजागरण अभियान के निमित्त होने वाली कार्यशाला स्थगित की गई है। सभा में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री निशीथ प्रमाणिक मुख्य वक्ता थे। 25 अप्रैल को ही एक कार्यशाला में मार्गदर्शन देने पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम आने वाले थे, उसे भी स्थगित किया गया है।

### अंतिम यात्रा में शामिल होंगे किरण देव

उन्होंने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित सभी पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने कार्यक्रम व प्रवास स्थगित कर दिए हैं। प्रदेश अध्यक्ष देव व भाजपा पदाधिकारी 24 अप्रैल को राजधानी में समता कॉलोनी निवासी कारोबारी दिनेश मीरानिया की अंतिम यात्रा गुरुवार को सुबह 9 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। उनके अंतिम संस्कार में शिरकत कर स्व. मीरानिया को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

## खबर संक्षेप

### विज्ञापन संस्था ने 45वां स्थापना दिवस मनाया

**रायपुर।** देशकर एडवरटाइजिंग ने अपने 45वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन होटल हयात, रायपुर में किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित विज्ञापन संस्था ने अपनी चार दशकों से अधिक की गौरवपूर्ण यात्रा का उत्सव मनाया। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों में दीपक मस्के, महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले, उमाशंकर व्यास, निकेश बारड़िया, पार्षद राजेश गुप्ता एवं अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

### पीपीटी और प्रीएमसीए के प्रवेश पत्र जारी




**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्री पॉलिटेक्निट टेस्ट के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। इसके साथ ही मास्टर इन कंप्यूटर एप्लीकेशन पाठ्यक्रम के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा प्री एमसीए के एडमिट कार्ड भी व्यापम ने अपने वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। ये परीक्षाएं एक मई को दो पालियों में निर्धारित परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी।

### रोड काटकर अवैध प्लॉटिंग पर लगाई रोक

**रायपुर।** जिले के तिल्दा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम गोता में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी, जिस पर कार्रवाई कर राजस्व विभाग की टीम ने रोक लगाई। टीम ने यह कार्रवाई सुशासन तिहार में आई शिकायत पर किया है। सुशासन तिहार के दौरान ग्राम तोता में अवैध प्लॉटिंग, काले धुंए से प्रदूषण, शासकीय जमीन पर कब्जा और मेन रोड पर ब्रेकर होने की शिकायत की गई है। इन शिकायतों के आधार पर अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई गई है।

### सिविल इंजीनियर से 32 लाख की ठगी

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक सिविल इंजीनियर ने अज्ञात के खिलाफ निवेश करने के नाम पर 32 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लाभांडी निवासी सत्येंद्र श्रीवास्तव ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सत्येंद्र ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात जालसाज ने उसे अपने सोशल मीडिया ग्रुप में जोड़कर ब्रिज गोल्ड नामक कंपनी में रकम निवेश करने का झांसा दिया और उससे निवेश कराया। रकम निवेश करने पर 20 हजार रुपए लाभ पहुंचाया। इसके बाद बड़ी राशि निवेश करने पर और ज्यादा लाभ मिलने का झांसा देकर मोटी रकम निवेश कराकर ठगी की।

**जल संचयन महाभियान में अब तक एक हजार सोखता गड्ढों का निर्माण**

# गांवों में बह रहे पानी का सुरक्षित प्रबंध है सोखता गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जल संचयन महाभियान अंतर्गत भू–जल स्तर बढ़ाने जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में हर नलकूप के पास सोखता गड्ढा का निर्माण किया जा रहा है। अब तक जिले के 519 ग्राम पंचायतों में करीब एक हजार सोखता गड्ढे का निर्माण पूरा कर लिया गया है। सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने बताया कि जल संचयन महाभियान अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 22 से सोखता गड्ढा का निर्माण शुरू किया गया है। संतृप्तता अभियान से जिले के समस्त ग्राम पंचायत के प्रत्येक नलकूप के पास सोखता गड्ढा का निर्माण किया जाएगा। सोखता गड्ढा निर्धारित मापदंड अनुरूप किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जल संचयन व जल के सदुपयोग को लेकर जिले में 18 अप्रैल से 15 मई तक जल संचयन महाभियान चलाया जा रहा है।

इसके अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। महाभियान के तहत जल संचय एवं संरक्षण के महत्व को समझाकर समुदाय को प्रेरित किया जा रहा है कि वर्षा जल संचयन और पानी के सदुपयोग से जल संकट से बचा जा सकता है। जल संचयन महाभियान का उद्देश्य जल संचयन और जल संरक्षण को बढ़ावा देना है जिससे जल संसाधनो का संरक्षण हो सके और भविष्य के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

# परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली जायेगी शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

आगामी 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव अक्षय तृतीया के अवसर पर लवन नगर के ब्राह्मण समुदाय द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम की रूपरेखा के लिए गुरुवार को धीरज मिश्रा के निवास में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जाने का निर्णय लिया गया। शोभा यात्रा शाम 5 बजे से महामाया मंदिर से नगर भ्रमण करते हुए महामाया चौक पर पहुंचेगी। इस बैठक में विप्र कुल के रामेश्वर पांडे, रामकुमार पांडे, दिल हरण पांडे, धीरज मिश्रा, मृत्युंजय पांडे, ए राजू पांडे, अनिल पांडे, दुर्गेश बाजपेई, मयंक तिवारी, दिलचंद तिवारी, मृत्युंजय पांडे, ज्ञान प्रकाएश पांडे, कृष्णकांत मिश्रा, ऋषि मिश्रा, विनोद जोशी, अमर मिश्रा, पंकज मिश्रा, राकेश पांडे, प्रदीप पांडे, सुनील तिवारी, अनूप मिश्रा, मोतीलाल पांडे आदि उपस्थित थे।

## इंद्र बने सिंधी समाज के जिला अध्यक्ष

**बलौदाबाजार।** जिले की धरती पर सिंधी समाज के लिए एक नए युग का आरंभ हुआ है। हाल ही में हुए पूज्य सिंधी समाज बलौदाबाजार के चुनाव में



इंद्र कुमार पंजवानी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। नव निर्वाचित अध्यक्ष इंद्र पंजवानी ने कहा कि सिंधी पंचायत भवन का आधुनिकीकरण और नवनिर्माण होना बहुत जरूरी है। वर्तमान की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए वे पुराने भवन का जीर्णोद्धार कराना चाहते हैं और साथ ही नयनदास स्मृति स्थल भवन के सामने, ब्राह्मण समाज भवन के समीप एक नई और सुव्यवस्थित सिंधी पंचायत भवन का निर्माण कर समाज को एक नई सौगात देना चाहते हैं।

**सपनों का समाज जहां हर उम्र की आवाज सुनी जाए**

उनका दृष्टिकोण स्पष्ट है समाज के हर वर्ग, हर परिवार और हर पीढ़ी को साथ लेकर चलना। उनका नेतृत्व केवल निर्माण तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का एक सशक्त अभियान है। सिंधी समाज बलौदाबाजार के अध्यक्ष बनने पर सामाजिक सदस्यों और नगरवासियों ने बधाई दी।

# शहर में बनेगा छात्रावास, नपा अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुऐ स्थानीय साहू समाज छात्रावास भवन में अधो संरचना मद से कार्य कराए जाने नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन सहित पार्षद एवं साहू समाज के पदाधिकारियों ने भूमि पूजन किया। वार्ड क्रमांक 21 स्थित साहू छात्रवास के आंतरिक भाग में समतलीकरण मंच निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाया जाना प्रस्तावित है। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, पार्षद अमितेश नेताम, कन्हैया सेन, लोकेश कुमार चेलक, सतीश पटेल, मनोज कांत पुरैना, गौतम सिंह चौहान, आदित्य गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, रविन्द्र नामदेव, रवि फेकर, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, साहू समाज अध्यक्ष सुनील साहू, संरक्षक रेवाराम साहू, छात्रवास समिति अध्यक्ष जीवनलाल साहू, परेटन साहू, देवेंद्र कुमार साहू (डंडी) द्वारा पूजा अर्चना कर कार्य प्रारंभ किया गया। विभागीय मंत्री अरुण साव के घोषणा अनुरूप अधोसंरचना मद से कार्य स्वीकृति उपरांत 24.93 लाख की लागत से उक्त निर्माण कार्य कराए जाने भूमि पूजन किया गया। आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई, उप अभियंता मुगल किशोर साहू, सामाजिक जन गनपत लाल साहू, हिरावन साहू, अर्जुन साहू, अधिवक्ता धनंजय साहू, प्रेम नारायण साहू, सुरेंद्र साहू (मोहतरा) पारस साहू, रवि साहू, राजाराम साहू, बुधीयारीन बाई साहू, दिनेश साहू, पुनीत राम साहू, जुगल किशोर साहू, सुरेंद्र साहू, ताराचंद साहू, ईश्वर साहू, पुनीत राम साहू, पारसमणी साहू, कांट्रेक्टर महेश गुप्ता, जितेंद्र साहू, ध्यानु गुप्ता, सुधीर जैन, गुरुदत्त तिवारी सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हितग्राहियों को बांटे गए पट्टे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



अंचल में केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि के डिजिटलीकरण और मालिकाना हक देने की प्रक्रिया तेज़ी से जारी है। इसी कड़ी में ग्राम बिटकुली, बरडीह, हिरमी और शिकारी केशली, कुथरोद में गुरुवार को पट्टा वितरण का आयोजन किया गया।

इस योजना के तहत ड्रोन सर्वे और जीआईएस तकनीक का उपयोग कर भूमि रिकार्डों को सटीक किया गया है, जिससे ग्रामीणों को उनकी संपत्ति पर वैध अधिकार मिलने का रास्ता साफ़ हुआ है। पट्टा प्राप्त करने से अब भूमि विवादों में भारी कमी आने की उम्मीद है।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार, सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश चवरे, युवा मोर्चा अध्यक्ष करण वर्मा, महामंत्री युगल किशोर वर्मा और सोसायटी अध्यक्ष प्यारेलाल बघमार, सरपंच नवापारा डोमार सिंह की उपस्थिति रही। इनके साथ राजस्व विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे, जिनकी देखरेख में पात्र हितग्राहियों को पट्टे सौंपे गए।

स्थानीय नागरिकों ने इस योजना का स्वागत करते हुए कहा कि वर्षों से लंबित भूमि विवादों से उन्हें अब मुक्ति मिलेगी और विकास कार्यों में भी गति आएगी।

सिमगा जनपद अध्यक्ष दौलत पाल ने बताया की ड्रोन सर्वे 2019 में जो हुआ था, उसी स्वामित्व का पूर्ण हक दिया जा रहा है। अब तक लगभग 25 ग्राम पूर्ण हो चुके हैं अभी कार्य जारी है।

## दिव्यांग बच्चों को स्टेशनरी का वितरण

**रायपुर।** वैश्य वर्ल्ड फेडरेशन के संस्थापक रायपुर के पूर्व महापौर स्व. संतोष अग्रवाल की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर वैश्य वर्ल्ड फेडरेशन द्वारा दिव्यांग बच्चों के स्कूल-कॉलेज कोपलवाणी में जाकर स्टेशनरी वितरित की गई। साथ ही बच्चों के साथ स्व. संतोष अग्रवाल की पुण्यतिथि पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।



इस मौके पर फेडंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि पुण्यतिथि के अवसर पर सिंघानिया परिवार द्वारा स्कूल परिसर में ही प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में नरेश सिंघानिया, अरुण सिंघानिया, आनंद सिंघानिया, उमेश गुप्ता, अशोक गुप्ता, अशोक वैश्य, ऋषि गुप्ता, शरद गुप्ता, मुकुंद काग़देलवर, राजेश त्रिवेदी, प्रतीक अग्रवाल, शशि बागड़ी आदि शामिल हुए।

# पहलगाम आतंकी हमले की धोबी समाज ने की निंदा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी






धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर की वादियो को 22 अप्रैल को आतंक की गोलियों ने लहूलुहान कर दिया। पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने पहलगाम में घूमने आए हिंदू पर्यटकों को निशाना बनाकर निर्मम हत्या कर दी। इस हृदय विदारक घटना से छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में शोक और आक्रोश की लहर है। इस हमले में हुई जान माल की क्षति पर हर कोई पाकिस्तान परस्त आतंकियों की कड़ी निंदा करते हुए केंद्र सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा हैं। रजक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे, छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज के प्रदेश संरक्षक झड़ीराम कन्नौजे, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष श्रीराम रजक, आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी कमलेश रजक ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले ने देशभर के लोगों का दिल दहला दिया है। पहलगाम में कायर आतंकियों द्वारा बेरहमी से कई निर्दोष नागरिकों का कत्ल किया गया। आतंकियों ने जो कायराना हरकत की है, उसकी जितनी भी निंदा की जाए वो कम है। यह कायरना हरकत अत्यंत ही दुखद निंदनीय और हृदय विदारक है। यह केवल एक हिंसा नहीं बल्कि मानवता पर हमला है। इन पदाधिकारियों ने कहा कि आतंकियों का जघन्य कृत्य माफी योग्य नहीं है। हम सभी निर्दोष मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

## कृषि उपज मंडी की कार्यशाला में व्यापारियों को दी विभिन्न जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर के कृषि उपज मंडी समिति की एक दिवसीय कार्यशाला गुरुवार को आयोजित की गई। इसमें मंडी क्षेत्र से संबंधित समस्त व्यापारियों व प्रसंस्कणकर्ता उपस्थित हुए, जिसमें विजय लक्ष्मी साहू, सचिव कृषि उपज मंडी कसडोल द्वारा कारोबारियों के समस्याओं से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की और साथ ही मंडी लाइसेंस नवीनीकरण, परिवहन व्यवस्था सुगम बनाने हेतु ऑनलाइन अनुज्ञा पत्र जारी करने, स्टॉक पंजी, मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क जमा करने निर्धारित प्रारुप में विवरण जमा करने और खाता का सत्यापन कराने निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि अन्यथा की स्थिति में मंडी प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर कय-विक्रय कारोबार स्थल एवं वाहनों की जॉच पड़ताल कर कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

### मृत पर्यटकों को पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि



**बगबुड़ा।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मृत पर्यटकों को पत्रकार संघ लवन द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। लवन तहसील संघ पत्रकार गुरूवार को एकजुट होकर शाम 7 बजे लवन के तहसील चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। उपस्थित पत्रकारों ने इस आतंकी हमले को कायरतापूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि यह हमला निर्दोष नागरिकों के साथ–साथ शांति और मानवता पर भी हमला है। इस हमले में रायपुर के एक करोबारी समेत 26 लोगों की जान गई। पत्रकारों ने केन्द्र सराकर से दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की। ऐसी घटनाएं भविष्य में न दोहराई जाएं। और कहा - इस पर केन्द्र सरकार को सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की आवश्यकता है। सभी ने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# रक्तदान शिविर में युवाओं ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नगर के महासती वार्ड में संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में मानव एकता दिवस पर एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

रक्तदान शिविर में नगर के युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं मिशन के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का उद्देश्य न केवल मानव सेवा को बढ़ावा देना था, बल्कि समाज में एकता, भाईचारे और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करना था।

इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं से आत्मीय संवाद कर उनके सेवा-भाव की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है और रक्तदान एक ऐसा महान कार्य है, जिससे अनगिनत जीवनों को बचाया जा सकता है।

संत निरंकारी मिशन वर्षों से सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक जागरूकता और सेवा कार्यों के लिए समर्पित भाव से कार्य करता आ रहा है। इस आयोजन ने एक बार फिर यह साबित किया कि मिशन न केवल आध्यात्मिक अपलिफ़्टमेंट में बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। शिविर की व्यवस्था अत्यंत सुचारु रही, जहां स्वास्थ्य परीक्षण से लेकर रक्त संग्रह तक की सभी प्रक्रियाएं व्यवस्थित रूप से संचालित की गईं।

## पेज 11 के शेष

### रवान में अटल ...

तत्पश्चात अतिथि और गांव पूर्व जनप्रतिनिधि का सम्मान एवं उद्बोधन हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य गीता डोमन वर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रवि शंकर वर्मा, जनपद सदस्य शीतल घनश्याम वर्मा, सरपंच निकिता, अक्षय भारती, उप सरपंच रोहित वर्मा, मीडिया प्रभारी तामेशवर साहू, सचिव पहलाद, रोजगार सहायिका मनीषा ध्रुव उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस गारंटी का हिस्सा है, जिसमें ग्राम पंचायतों में नकद भुगतान और अन्य डिजिटल सेवाएं शुरू करने का वादा किया गया था। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने 16 महीनों में अधिकतर वादों को पूरा कर दिखाया है। ग्राम पंचायत रवान के सचिव पहलाद ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान पंच राकेश्वरी साहू, टिकेश्वरी वर्मा, रुकेश निषाद, मुकेश साहू, धनेश्वर साहू, रूबी वर्मा, उमा साहू, हेमलता निषाद, उसा ध्रुव, सीमा वर्मा, रोहित वर्मा, भुवनेश्वरी लहरी, टिकेश्वर वर्मा, गणेशी सोनी, सोनू साहू, शुभम वर्मा, एम कुमारी थापा, राधा चौबे, रमा वर्मा, ग्रामीण जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### चिटफंड कंपनी का...

के निपेक्षकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 धन परिचालन स्कीम पाबंदी नियम 2013 की धारा 3, 4, 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में चिटफंड कंपनी विनायक होम्स एंड रियल स्टेट प्रा.लिमि. के फरार आरोपी जितेंद्र बिसे 45 वर्ष अंबेडकर नगर इंदौर मध्यप्रदेश को बुधवार को न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत जिला जेल जशपुर से गिरफ्तार किया गया है।

### बुजुर्ग का संदिग्ध

**सड़क दुर्घटना की आशंका'**: भटगांव पुलिस ने प्रथम दृष्टिया में इस घटना को सड़क दुर्घटना बताया। थाना प्रभारी ने कहा कि नवधा रामायण कार्यक्रम में गाना गाने के बाद सुबह 4 बजे वह अपने घर लौट रहे थे, इसी दौरान नींद में होने या सामने से बड़ी गाड़ी की लाइट आने से वह पुल के नीचे गिर गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई होगी, लेकिन अभी फिलहाल कुछ भी साफ नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का खुलासा हो पाएगा।

### स्काउट गाइड ने ...

त्रिवेदी, खुशबू साहू, नेहा केशरवानी, अर्पिता शर्मा, भारती नायक, रुपेंद्र सेन, प्रदीप निषाद, स्काउट टापेश्वर, शुभम, सुभाष, योगेश, गाइड ऋतु, उर्वशी, नेहा, चेतना, कनिका सेजल उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### डॉ.नायक ने पहलगाम हमले की भर्त्सना की

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।**



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के संरक्षक डॉ. केके नायक ने जम्मू–कश्मीर के भारतीय पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की निंदनीय एवं अक्षम्य करार देते हुए घोर भर्त्सना की है। उन्होंने कहा कि घाटी में हुए नरसंहार से पूरा देश दुखी और क्रोधित है। आतंकियों के नापाक मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। घटना के पीछे जो भी होंगे, उन्हें उनकी कायराना करतूत की कड़ी सजा मिलेगी। आतंकवाद से लड़ने भारत का संकल्प अडिग है, बेगुनाह पर्यटकों की निर्मम हत्या से देश दुखी हैं दुख इस घड़ी में मृत परिजनों एवं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घटना में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

### हेमंत 87 प्रतिशत पाकर कक्षा नवमी में रहे प्रथम

**बसना।** शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक स्कूल बसना का हिंदी माध्यम संकाय के नवमी कक्षा का वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कुल 115 छात्रों में से बंसुला ग्राम निवासी रूपानंद साव एवं कुंजलता साव (मोहिनी) के अनुज पुत्र होनहार विद्यार्थी हेमंत कुमार साव ने कक्षा नवमी में सबसे अधिक 87 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। हेमंत ने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं गुरुजनों को दिया है, जिनके मार्गदर्शन में अच्छी शिक्षा प्राप्त किया।

### पहलगाम में आतंकी हमले की निंदा

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने कहा कि आतंकवादियों ने जिस तरह 26 पर्यटकों की हत्या की है, वह अत्यंत निंदनीय तथा कायराना कृत्य है। रामेंद्र प्रकाश गिरि ने कहा कि कश्मीर की संपूर्ण आर्थिक व्यवस्था पर्यटन पर टिकी हुई है, परंतु पहलगाम की घटना से ना सिर्फ कश्मीर में पर्यटन उद्योग प्रभावित होगा ।

## निधन

### गिरवर प्रसाद वर्मा

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** भरूवाडीह निवासी 65 वर्षीय गिरवर प्रसाद वर्मा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया, जहां नाते रिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे बिरेंद्र, हेमकुमार व भुपेंद्र के पिता थे।

### घनश्याम अवस्थी

**बलौदाबाजार।** कृष्णनायान



कॉलोनी निवासी घनश्याम अवस्थी का गुरूवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को स्थानीय मोक्षधाम में किया जाएगा। वे नारायण अवस्थी के भाई तथा अनमोल अवस्थी के पिता थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों के पेयजल एवं निस्तारी व्यवस्था की होगी कड़ी मॉनिटरिंग

## जिला सहित ब्लॉक स्तर पर अधिकारी-कर्मचारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में पेयजल एवं निस्तारी पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने गुरुवार को जल संसाधन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की कलेक्टर दीपक सोनी ने ऑनलाइन बैठक लेकर जल संचयन महाभियान की समीक्षा की।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल एवं निस्तारी की समस्या का समाधान हेतु नियुक्त किये गये नोडल अधिकारी टीम सहित समाधान शिविर वाले ग्राम पंचायत एवं उसके क्लस्टर अंतर्गत पंचायतों का प्रतिदिन दौरा कर पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने की कार्यवाही करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि जल संसाधन विभाग जल संरचनाओं में गेट मरम्मत का लक्ष्य, तालाब जलाशय का भराव, नहर लाइनिंग मरम्मत कार्य एवं ग्रामीणों के साथ नहर का निरीक्षण करें। इसके साथ ही वर्षा जल संरक्षण के लिए आवश्यक संरचनाओं का निर्माण पर ध्यान दें।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जल जीवन मिशन सहित हैंडपंप, सिंगल फेज पंप, निजी नलकूप, स्कूल के बोर एवं टैंकर की व्यवस्था से पेयजल की समस्या दूर करें। उन्होंने जल संचयन महाभियान अंतर्गत सोखता गड्ढों का निर्माण हर नलकूप के पास बनाने के निर्देश दिये।



### कंट्रोल रूम स्थापित

पेयजल एवं निस्तारी जल समस्या की निगरानी हेतु जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका समर्क नंबर 9201899925 है। पेयजल या निस्तारी की समस्या होने पर इस नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है। मॉनिटरिंग हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनका मोबाइल नंबर भी जारी किया गया है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, पीएचई के कार्यपालन अभियंता मनोज ठाकुर, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन गिरीश टिकरिहा एन आई सी कक्ष में उपस्थित थे।

## पहलगाम में आतंकी हमला : कैंडल मार्च निकालकर दो मिनट का मौन रखा

# कांग्रेस ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि देने कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में नेहरू चौक से कैंडल मार्च निकालकर मेन रोड होते हुए गांधी चौक पहुंचकर 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार सुश्री सुमित्र घृतलहरे ने कहा कि यह हमला मानवता पर एक करारा प्रहार है, जिसने देश को झकझोर दिया है। हमारे दिलों में असहनीय पीड़ा है। हम इस दुखद घड़ी में शोकाकुल परिवारों के साथ खड़े हैं। हम पूरी मजबूती के साथ आतंक के खिलाफ एकजुट होकर लड़ेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश यदु, पूर्व जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, पलारी नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल, प्रभाकर मिश्रा, संदीप पांडे, राजा तिवारी, संतोष यादव, मनोज प्रजापति, जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र बंजारे, पार्षदगण सलमान शेख, श्रद्धा वर्मा, डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव, ललिता यदु, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पद्मेश्वरी साहू, कालिंद्री वर्मा, अनिल साहू, लखेश साहू, अविनाश मिश्रा, गोविन्द पात्रे, सुनील कुर्रे, गोल्डी मरैया दिगंबर साहू, धर्मेन्द्र वर्मा, सूर्यकांत वर्मा, संदीप साहू, प्रवीण सेन, योगेश गर्ग, सुखदेव साहू, जय ठाकुर, पुलकित वर्मा, दिवाकर मिश्रा, वैभव केसरवानी, अंबु पंजवानी, हेमंत ठाकुर, शुभम वर्मा, लक्ष्मी नारायण साहू, सुभाष राव, भेनू साहू, आयुष भतपहरी, चेतेश्वर साहू, कृष्णा टंडन, राजू रजक सहित कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



### पलारी में पहलगाम के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**पलारी।** नगर पंचायत पलारी में बुधवार शाम एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधि, पत्रकार, युवा और समाजसेवियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। यह श्रद्धांजलि उन निर्दोष पर्यटकों की याद में दी गई, जो हाल ही में जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में अपनी जान गंवा बैठे। इस दौरान कैंडल जलाकर और मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। देशभक्ति के नारों के साथ–साथ आतंकवाद के खिलाफ कड़ा आक्रोश भी देखने को मिला। सभा में वक्ताओं ने कहा कि यह कायराना हमला मानवता पर एक धब्बा है और हमारी सेना इन आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देगी। देश की सेना हर मृतकों का बदला लेगी और दोषियों को उनके अंजाम तक पहुंचाएगी। उपस्थित लोगों ने सरकार और सेना पर भरोसा जताते हुए यह संकल्प लिया कि देश एकजुट होकर आतंक के खिलाफ लड़ेगा और मृतकों को न्याय दिलाकर ही दम लेगा। इस अवसर पर धन्नू साहू, शेखर वर्मा, केशव साहू, हेमकुमार साहू, पनमेश्वर साहू, हेमन्त साहू, राजेंद्र साहू, खोमेश सहित स्थानीय उपस्थिति थे।



# प्रेस क्लब का गठन, नरेश अध्यक्ष और दलजीत बने सचिव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पत्रकारिता जगत के लिए एक अहम क्षण में बलौदाबाजार प्रेस क्लब का पुनर्गठन 24 अप्रैल को प्रेस क्लब भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान हुआ। स्थानीय पत्रकारों की वर्षों पुरानी मांग को दृष्टिगत रखते हुए यह बैठक सर्वसम्मति से क्लब की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए बुलाई गई थी। इस ऐतिहासिक निर्णय को पत्रकारिता की संगठनात्मक सशक्तता और सामाजिक उत्तरदायित्व के नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष नरेश गनशानी, उपाध्यक्ष निशान्त श्रीवास्तव एवं दिलीप माहेश्वरी, सचिव दलजीत सिंह चावला, सह सचिव विजय शंकर तिवारी एवं प्रीतलाल कुर्रे, कोषाध्यक्ष राजेश्वर गिरी, कार्यकारिणी सदस्य देवेश साहू, आभाष शर्मा, चतुर मूर्ति वर्मा, लकेश बघेल, लंकेश्वर बघेल, श्रवण ध्रुव, मिथिलेश वर्मा, संरक्षक मंडल पुरुषोत्तम नत्थानी, एसएम पाध्ये, विद्याधर तिवारी, सलाहकार समिति संजय श्रीवास, उमेश बाजपेई, राघवेंद्र सिंह, सुदेश साहू, डॉ. देवेंद्र साहू शामिल हैं।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेश गनशानी ने कहा बलौदाबाजार में लंबे समय से पत्रकारों में संगठनात्मक समरसता की कमी थी, जिससे कई महत्वपूर्ण सामाजिक व प्रशासनिक मुद्दे दबे रह गए। अब इस प्रेस क्लब के गठन से हम एकजुट होकर जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रेस क्लब का प्रत्येक सदस्य सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता और निर्भीकता के साथ पत्रकारिता करेगा, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में सार्थक कदम उठाए जा सकें।

प्रेस क्लब के नए स्वरूप और कार्यकारिणी के गठन को लेकर जिलेभर के पत्रकारों में उत्साह है। यह नया संगठन बलौदाबाजार की जनता की आवाज को सशक्त और प्रभावी मंच प्रदान करेगा। इस मौके पर प्रेस क्लब के सभी सदस्य मौजूद थे।

# प्राथमिक स्कूल में स्थानीय परीक्षाओं के परिणाम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय उच्च प्राथमिक शाला आलेसुर में स्थानीय वार्षिक परीक्षा के परिणामों की घोषणा की गई। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस वर्ष उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्टता का परिचय दिया। कक्षा 6वीं में कुल 25 एवं कक्षा 7वीं में 30 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से अधिकांश ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। यह परिणाम विद्यालय के सतत शिक्षण प्रयासों, विद्यार्थियों की मेहनत तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामेश्वर वर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय की निरंतर प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखना एक चुनौती है, किंतु विद्यालय परिवार इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उपसरपंच प्रतिनिधि कांता वर्मा ने विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया एवं शैक्षणिक गतिविधियों में और अधिक सशक्त सहभागिता का आश्वासन दिया।



पालक सदस्य टेकराम जांगड़े ने परीक्षा परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता आने वाले समय में पूरे क्षेत्र की पहचान बनाएगी। प्रधान पाठक युधिष्ठिर बुड़ेक ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना की। शिक्षक नरेंद्र कुमार साहू ने विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास, अनुशासन एवं आत्मविश्वास को सफलता का आधार बताया। संकुल मीडिया प्रभारी धीरेंद्र कुमार वर्मा, संकुल प्राचार्य प्रकाशचंद गिलहरे एवं संकुल समन्वयक कांत कुमार ने विद्यालय की उपलब्धि पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी।

### सरस्वती शिशु मंदिर में परीक्षा परिणाम घोषित

**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय खरोरा का स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसका परीक्षा परिणाम 24 अप्रैल को जारी किया गया। इसमें कक्षा अरूण से कक्षा एकादश तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी हुआ। जारी परिणाम में कक्षा अरूण में प्रथम स्थान खिलेन्द्र वर्मा, द्वितीय स्थान ईशु देवांगन, कक्षा उदय में प्रथम स्थान फालगुनी कन्नौजे, द्वितीय स्थान लोकिता वर्मा, कक्षा प्रथम में रश्मि देवांगन, द्वितीय लक्ष्य माण्डले, कक्षा द्वितीय में प्रथम उज्ज्वल देवांगन, द्वितीय वाणी वर्मा, कक्षा तृतीय में प्रथम सुशांत सिन्हा, द्वितीय सेजल वर्मा, कक्षा चतुर्थ में प्रथम टाप्सी गिलहरे, द्वितीय मिहल वर्मा, कक्षा षष्ठ में



प्रथम पार्थ कन्नौजे, द्वितीय विद्या देवांगन, कक्षा सप्तम् में प्रथम सोनाक्षी साहू, द्वितीय संतोषी ध्रुव, कक्षा नवम् में प्रथम मिताली चन्द्राकर, द्वितीय योगिता देवांगन पर रहे। कक्षा अरुण से कक्षा एकादश तक के प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर 250 अभिभावक उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी पाटकर के अनुसार नया शैक्षणिक सत्र 16 जून से प्रारंभ होगा।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल का परीक्षा फल शत-प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम उत्कृष्ट विद्यालय अर्जुनी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

परीक्षा परिणाम घोषणा पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष चित्ररेखा साहू, सदस्य गंगाराम यदु, सेवानृवित शिक्षक चिंतामणि साहू व विद्यालय के प्राचार्य खूबचंद सरसिंहा द्वारा उच्च मेधावी छात्र छात्रें को अंकसूची व प्रमाण पत्र मेडल प्रदान कर सम्मानित किया साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा।

कक्षा पहली में लावण्या वर्मा प्रथम लवली द्वितीय मानवी वर्मा तृतीय कक्षा दुसरी में पायल ध्रुव वेदांश वर्मा प्रथम हिमांशी ध्रुव द्वितीय आलिमा निर्मलकर तृतीय कक्षा 3 में रोशन कुमार साहू साक्षी साहू प्रथम सौर्य नेताम द्वितीय व ज्योतिष पाल तृतीय कक्षा 4 में



पल्लवी साहू प्रथम प्रिया भारतद्वाज द्वितीय आदिरा साहू तृतीय कक्षा 6 में यश कुमार वर्मा प्रथम दीपांशु कुशवाहा द्वितीय भूमिका वर्मा तृतीय कक्षा 7 में रुचि साहू प्रथम आस्था ध्रुव द्वितीय मोहित साहू तृतीय कक्षा 9 में भावना साहू ने प्रथम नीलिमा ध्रुव द्वितीय व चंचल साहू तृतीय स्थान को प्राप्त किया इस प्रकार से इंग्लिश मीडियम आत्मानंद विद्यालय अर्जुनी का प्रतिशत शत प्रतिशत रहा। छात्रें के सफलता पर प्राचार्य सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक अर्जुनलाल कश्यप अवधेश वर्मा राकेश कुमार वर्मा जसवंत वर्मा,मुकेश वर्मा अंग्रेजी माध्यम के टी.वनिता निहारिका मिश्रा प्रियंका मिझ्रा नूतन सिन्हा अर्पण तिर्की मंजुला कुम्भकार दिलीप नामदेव दिनेश कुर्रे नरेंद्र शर्मा अजय नेपेनियन वेदपाल अभिनयक वर्मा युक्ति चन्द्राकर निशि मानिकपुरी आकांक्षा यादव नेहा ठाकुर अनुराग जांगड़े दलजीत कौर अकांश भारती आकाशदीप साहू शिक्षक शिक्षिका ने शुभकामनाएं प्रेषित किया।

## कनकी में मनाया गया राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

# गांवों का समग्र विकास सशक्त पंचायतों से ही संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पंचायत कनकी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरपंच ग्राम पंचायत कनकी दुर्गेश वर्मा ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि गांवों का समग्र विकास, सशक्त पंचायतों के बिना संभव नहीं। पंचायती राज व्यवस्था हमारे लोकतंत्र की नींव है, जो जन–जन तक शासन की भागीदारी सुनिश्चित करती है, उपस्थित ग्राम वासियों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं दी।




राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर एक देश एक चुनाव का जिसमें लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव एक साथ कराने संबंधी शपथ दिलाते हुए संकल्प पारित किया गया। साथ ही जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाकर संकल्प पारित किया गया।

सार्वजनिक शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग कार्य कराने, पेजयल श्रोतों का जैसे तालाबों, कुआं, नहर, बावड़ी की साफ सफाई एवं संरक्षण की शपथ दिलायी गई।

कार्यक्रम में सरपंच ग्राम पंचायत कनकी दुर्गेश वर्मा, उपसरपंच पुनीत वर्मा, पंचायत सचिव कोमल प्रसाद साहू, रोजगार सहायक खडानंद वर्मा, समस्त पंच, ग्रामवासी उपस्थित थे।

